हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 21 डिग्री
न्यूनतम 7 डिग्री

4 आल्हामाड़ा तीर्थ स्थल को मिलेगी नई पहचान



## खबर संक्षेप



### श्री हनुमान मंदिर में प्रसाद वितरण

**पटना।** कटकोना के तेंदूपारा स्थित श्री हनुमान मंदिर में आस्था और श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रमाकांत देवांगन एवं संजय खैरवार ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्री हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा के पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना रहा। काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर पटना के प्रमोद सोनी, सतीश महराज सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं भक्तजन उपस्थित रहे।

### युवाओं को मिलेगा रोजगार

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मत्स्य पालन तथा पशुधन विकास विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम जायसवाल ने एक दिवसीय प्रवास के दौरान खड़गवां जनपद ग्राउंड से राज्य की पहली जोश पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्थागत शौचालयों की नियमित व वैज्ञानिक सफाई के उद्देश्य से जोश को हरीझंडी दिखाकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की गई। यह अनूठी पहल स्वच्छता, स्वास्थ्य और रोजगार-तीनों को एक साथ जोड़ती है। इसके अंतर्गत स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र, छात्रावास, आंगनबाड़ी तथा अन्य संस्थागत/सामुदायिक शौचालयों की नियमित सफाई के लिए युवाओं को स्वच्छता प्रहरी के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

### जनजातीय अंचल की खेल प्रतिभा को मिलेगा नया मंच

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2025-26 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। सरगुजा संभाग अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण यहां युवाओं में खेलों के प्रति अपार नैसर्गिक प्रतिभा विद्यमान है। इसी प्रतिभा को पहचानने, निखारने और राष्टीय स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से सरगुजा ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। सरगुजा ओलंपिक 2025-26 का मुख्य उद्देश्य शासन और जनता के मध्य मजबूत एवं प्रत्यक्ष संबंध स्थापित करना, युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना तथा उनकी खेल एवं रचनात्मक प्रतिभा को पहचानकर उन्हें सशक्त खिलाड़ी के रूप में विकसित करना है।


## ठंडी हवाओं से बढ़ी ठिठुरन, दिन में जले अलाव

# सोनहत में पारा 3 पर, जमीं बर्फ की परत


जमीं बर्फ की परत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/सोनहत

कोरिया जिले में बीते कुछ दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड की वजह से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। सुबह होने के कुछ घंटे तक लोगों को कंपकपी भरी ठंड का सामना करना पड़ रहा है।




वहीं सुबह के समय कोहरे छाए रहने के कारण धूप भी सुबह की ठीक से नहीं मिल पाती है, जैसे-जैसे कोहरा छंटने लगता है, इसके बाद हल्की धूप निकलना शुरू हाता है तब धूप में कुछ देर रहने के बाद ठंड से कुछ राहत मिलती है, वहीं शाम ढलने के पूर्व से ही कंपकपी भरी ठंड का असर शुरू हो जाता है और शाम ढलने के बाद तेज ठंड के असर का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि शाम ढलने के कुछ घंटे बाद से ही शहर के सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो जाती है। कोरिया जिले में जनवरी माह के पहले सप्ताह में जमकर ठंड पड़ रही है, ऐसा हाल ठंड का तेज असर नवंबर माह के शुरूआत में हुई थी। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह में मकर सक्रांति का पर्व 14 जनवरी को मनाया जाएगा, इस दिन से सूर्य उत्तरायण होते हैं और इसके बाद से धीरे-धीरे सूर्य की किरण ज्यादा देर तक रहने में चुभने लगती हैं, लेकिन इस दौरान तेज हवाओं के चलने से ठंड कंपकंपाती है।

### स्कूलों में छुट्टी घोषित

जिले में लगातार बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन ने छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बड़ा निर्णय लिया है। कलेक्टर के अनुमोदन से जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आदेश जारी कर 10 जनवरी तक जिले के सभी विद्यालयों में कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार यह अवकाश जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त एवं सभी बोर्डों से संबद्ध विद्यालयों में लागू रहेगा। हालांकि, विद्यालयों के शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी पूर्व निर्धारित समयानुसार विद्यालय में उपस्थित रहेंगे।

### सोनहत में जमने लगी बर्फ

कोरिया जिले का जनपद पंचायत सोनहत क्षेत्र इन दिनों शीतलहर की चपेट में है। ठंड का असर सोनहत वनांचल क्षेत्र में इतना है कि खुले आसमान के नीचे रात में थाली में पानी रखने से सुबह बर्फ बन जाती है। सोनहत में बीते साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर को भी घर के बाहर थाली में रखा पानी सुबह बर्फ बन गया था, वहीं 6 जनवरी को सुबह भी इसी तरह का नजारा देखने को मिला। यहां पारा 3 डिग्री पर पहुंचा हुआ है। उल्लेखनीय है कि कोरिया जिले का सोनहत क्षेत्र पठारी क्षेत्र होने के साथ ही सघन वनों से आच्छादित क्षेत्र हैं। इसी क्षेत्र में गुरूघासीदास तमोर पिंगला टाईगर रिजर्व क्षेत्र स्थित हैं। क्षेत्रों में वनों की सघनता अधिक है, दूसरी ओर यह पठारी क्षेत्र हैं, इसके चलते सोनहत जनपद क्षेत्र में इन दिनों जमकर सर्दी पड़ रही है ।

## गर्भवती महिलाओं को नहीं मिल रही सोनोग्राफी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

जिले के विकासखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कोरिया के आदेश के बाद भी सोनोग्राफी चिकित्सक की नियमित उपस्थिति नहीं हो रही है,इसके चलते अस्पताल में सोनोग्राफी सेवा बाधित है और गर्भवती महिलाओं को इस अत्यंत आवश्यक जांच सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।



■ सोनोग्राफी के लिए नहीं आते हैं चिकित्सक

गौरतलब है कि लगभग 6 माह पूर्व सीएमएचओ कोरिया द्वारा आदेश जारी कर सोनहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रत्येक माह की 10 एवं 25 तारीख को सोनोग्राफी सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत एक सोनोग्राफी चिकित्सक को निर्धारित तिथियों में सेवा देने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन वर्तमान में यह व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। सोनोग्राफी सेवा बंद रहने से वनांचल एवं दूर-दराज के गांवों से आने वाली गरीब गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में उन्हें निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है, जहां अधिक शुल्क चुकाना पड़ता है या फिर जिला मुख्यालय तक लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। स्थानीय लोगों व मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि सोनोग्राफी चिकित्सक की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि गर्भवती महिलाओं को समय पर जांच सुविधा मिल सके और किसी भी प्रकार की गंभीर समस्या से बचा जा सके।

## मनरेगा से बेहतर, अधिक प्रभावी जी-राम-जी अधिनियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले के प्रभारी मंत्री राम विचार नेताम ने सोमवार को स्थानिक विश्रामगृह में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 लाया गया है, जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

■ ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी



मनेन्द्रगढ़ के लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री राम विचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल,भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल केसरवानी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी के साथ जिले के वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रभारी श्री नेताम ने कहा कि यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री मोदी ने संसद में अपने पहले भाषण में ही स्पष्ट किया था कि उनकी सरकार गरीबों के नाम समर्पित रहेगी और उसी भावना के अनुरूप घर-घर बिजली, शौचालय, आवास और जनधन खाते जैसी ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है और कई मायनों में इससे बेहतर है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं अब इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी, इससे मजदूरों की आमदनी में स्वाभाविक रूप से बढ़ोतरी होगी।

कृषि विकास मंत्री राम विचार नेताम ने स्पष्ट किया कि मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होता है तो विलंबित भुगतान पर अतिरिक्त राशि मजदूर को दी जाएगी, जिसे मजदूरी पर ब्याज की तरह माना जा सकता है। प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा जिला महामंत्री आशीष मजूमदार,जिला उपाध्यक्ष आशीष सिंह, राहुल सिंह, मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा, महेन्द्र प्रताप सिंह, विनीत जायसवाल, डॉ.रश्मि सोनकर, रोशनी मिश्रा समेत पार्टी के कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री रामविचार ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** कृषि एवं आदिम जाति विकास मंत्री तथा एमसीबी जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने एक दिवसीय जिला प्रवास के दौरान एमसीबी जिले के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं जिले के सभी प्रमुख विभागों के कार्यों की गहन एवं सख्त समीक्षा की।

उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध पूर्णता और आमजन तक वास्तविक लाभ सुनिश्चित करना रहा। प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पुराने बजट में स्वीकृत सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, किसी भी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने आजीविका मिशन, मखाना उत्पादन, मत्स्य पालन और कृषि से जुड़े विषयों पर जिले की परिस्थितियों के अनुरूप ठोस और व्यावहारिक रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। प्राकृतिक खेती की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए इसे व्यापक रूप से बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री श्री नेताम ने कहा कि एमसीबी जिले की जलवायु नकदी फसलों के लिए अत्यंत अनुकूल है।

उन्होंने किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ उद्यानिकी, दलहन-तिलहन, सब्जी एवं अन्य नकदी फसलों की ओर प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। मखाना की खेती को जिले के लिए संभावनाशील बताते हुए इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ करने तथा कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र को संयुक्त रूप से तिल एवं अरहर की खेती को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। पशुधन विकास एवं मत्स्य पालन विभाग की समीक्षा में उन्होंने कुक्कुट पालन, बकरी पालन, सूकर पालन और मत्स्य पालन को ग्रामीण आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताया और अधिक से अधिक किसानों को प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता से जोड़ने पर बल दिया।

## धूप में बैठकर कलेक्टर ने सुनीं आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने वर्ष 2026 के पहले साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में भी आम नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में खुले आसमान के नीचे, मीठी धूप में जनदर्शन आयोजित किया। कलेक्टर ने न केवल फरियादियों की समस्याएं सुनीं, बल्कि उनके त्वरित एवं नियमसम्मत निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 के अंतिम जनदर्शन की तरह इस वर्ष का पहला जनदर्शन भी खुले वातावरण में आयोजित किया गया, जिसे आम नागरिकों ने सराहा। जनदर्शन कार्यक्रम में बैकुंठपुर, पटना, सोनहत एवं पोड़ी-बचरा क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से पढ़ते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समीप आयोजित इस जनदर्शन में सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनदर्शन में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र वैध, डीडी मंडावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।






## जिपं की सामान्य सभा, कई विषयों पर हुई चर्चा

# जनप्रतिनिधि जी राम जी योजना के निर्माण में सहभागी बनें: मोहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक सोमवार को जिला पंचायत के मंथन कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण एवं पर्यवेक्षण के दौरान दर्ज विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को विषयों के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े समस्त जिला पंचायत सदस्य व विभागीय अधिकारी एवं अन्य संबंधित



सोमवार को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई।

अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में पिछली सामान्य सभा में उठाए गए विषयों पर संबंधित विभाग प्रमुखों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी सदन को दी गई। सदन में सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह ने प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ग्रामीण गर्भवती महिलाओं को स्वल्पाहार उपलब्ध कराने की मांग रखी, जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित योजनाओं की पूर्व सूचना जिला पंचायत सदस्यों को दी जाए, जिससे जनप्रतिनिधि कार्यों की गुणवत्ता पर निगरानी रख सकें। संचार संकर्म समिति के सभापति सुरेश सिंह ने वनांचल क्षेत्रों में संलग्नीकरण व्यवस्था समाप्त कर सभी विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित पदस्थापना का विषय उठाया तथा आगामी सामान्य सभा में वन विभाग के प्रमुख को आमंत्रित करने की मांग की। इस पर जिला पंचायत सीईओ ने उप संचालक को संबंधित विभाग को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। वन विभाग द्वारा श्रमिकों के लंबित भुगतान संबंधी विषय पर जानकारी दी गई कि समस्त भुगतानों का निराकरण कर दिया गया है। सदन में प्रत्येक विद्यालय में संचालित मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता के नियमित परीक्षण की मांग की गई, जिस पर शिक्षा अधिकारी को सतत निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच एवं रात्रिकालीन प्रसव सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने सुरक्षित आवागमन के लिए आटो एवं ई-रिक्शा चालकों को दिया प्रशिक्षण

**सूरजपुर।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अन्तर्गत सोमवार को यातायात पुलिस द्वारा स्टेडियम ग्राउण्ड में नगर के 65 आटो एवं ई-रिक्शा चालकों को सुगम यातायात के लिए सुरक्षा से जुड़े विषयों, आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। यातायात नियमों की जानकारी के पोस्टर वाहनों में लगाए गए। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा बढ़ाना, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना और यात्रियों व चालकों की सुरक्षा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में यातायात पुलिस द्वारा चालकों को यातायात नियमों से अवगत कराते हुए कहा कि नियमों का पालन करना अनिवार्य है, ताकि चालक और सफर कर रहे लोग सुरक्षित रहें। तेज गति से वाहन न चलाने, नशे में गाड़ी न चलाए, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन या ईयरफोन का उपयोग न करे एवं वाहन से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा चालकों को शपथ दिलाई गई और यात्रियों या सामान को ज्यादा भरकर न चलाने, नियमों का पालन न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इस अवसर पर एएसआई ब्यासदेव राय, प्रधान आरक्षक मुरीस खाखा, आरक्षक प्रेमसागर साहू, बिलोन बड़ा मौजूद रहे।

### गौ आश्रम धाम सलका अधिना में किया गया नव निर्मित शेड का लोकार्पण



**सलका अधिना।** वरिष्ठ नागरिक संघ के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष की ठंड के मौसम में किए जाने वाले गर्म कपड़ों की वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत आज गौ आश्रम धाम सलका अधिना केवटाली कोटया में आयोजन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे को गर्म कपड़े वितरित किए गए। माता के लिए साड़ी तथा बुजुर्गों के लिए कंबल, टोपी सहित अन्य आवश्यक वस्तु शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद चिंतामणि महाराज, विशिष्ट स्थिति वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि,कलेक्टर एस जयवर्धन, तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहित चारों ग्राम पंचायत के सरपंच पंच मौजूद थे। इस अवसर पर आश्रम धाम में स्वर्गीय हुकुमचंद अग्रवाल की स्मृति में अग्रवाल परिवार सलका द्वारा तथा स्वर्गीय रामनिवास अग्रवाल की स्मृति में राहुल ट्रेडर्स द्वारा निर्मित सेड का लोकार्पण अतिथियों ने किया। इसके अलावा अंबिकापुर के जगविंदर बंसल द्वारा गौ आश्रम धाम में एक और सेट निर्माण हेतु 1 लाख 11 हजार की सहयोग राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान गांव आश्रम धाम की टीम द्वारा कुछ मूलभूत आवश्यकताओं की मांग रखा जिस पर सकारात्मक विचार करते हुए वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पर और जिला कलेक्टर द्वारा हाई मार्क्स लाइट, एक सुलभ शौचालय तथा सोलर सिस्टम युक्त ट्यूबवेल व पानी टंकी की प्रदान करने का आश्वासन दिया।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्रामीण ने अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम बगडोल निवासी हीरालाल आ. स्व. जगेश्वर (50 वर्ष) 3 जनवरी को बेटी के साथ में घर में था जबकि परिवार के अन्य सदस्य बाहर गए थे। दोपहर को भोजन करने के पश्चात अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। पिता की तबीयत बिगड़ने पर बेटी सीमा पूछताछ की तो पिता ने कीटनाशक पी लेने की बात बताई। कीटनाशक पीने की जानकारी लगने पर सीमा ने घटना की सूचना परिजन को दी। परिजन ग्रामीण को बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान आज मौत हो गई।

## प्रधानमंत्री को भेजेंगे पत्र

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाने बच्चों ने निकाली रैली, 75 हजार हस्ताक्षर पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- जनप्रतिनिधियों ने की सराहना

सिंगल यूज प्लास्टिक रैपरों पर बैन लगाने की मांग को लेकर होली क्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने शहर में जागरूकता रैली निकाली। विभिन्न झांकियों और बैंड से सुसज्जित झांकी में बच्चों ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण व सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे से हो रहे नुकसान के बारे में अवगत कराया। बच्चों के इस अभियान को शहर के जनप्रतिनिधियों को समर्थन मिला और पक्ष-विपक्ष सभी ने एक मंच पर आकर बच्चों के प्रयास की सराहना की। खास बात यह है कि सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर चलाया गया 75 हजार हस्ताक्षर अभियान पूर्ण हुआ और अब बच्चे अपनी मांग के साथ 75 हजार समर्थन पीएम नरेंद्र मोदी को भेजेंगे।

बता दें कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को लेकर होली क्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है और बच्चे विभिन्न कंपनियों के सिंगल यूज प्लास्टिक रैपर को।एकत्रित कर पिछले दस सालों से उन्ही कंपनियों को वापस।भेज देते है ताकि प्लास्टिक पर प्रतिबंध लग सके। बच्चों के इस अभियान को वर्ष 2020 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सराहा था जिसके बाद बच्चों में इस अभियान को लेकर उत्साहवर्धन हुआ। अभियान के तहत विगत वर्ष से होली क्रॉस के बच्चे जनसमर्थन के लिए झांकियों के साथ रैली निकालते है वहीं इस साल बच्चों ने सिंगल यूज प्लास्टिक व रैपर पर बैन लगाने एक हस्ताक्षर अभियान चलाया और शहर भर में लोगों ने इस अभियान को अपना समर्थन भी दिया। सोमवार को।75 हजार हस्ताक्षर पूर्ण होने पर बच्चों ने शहर में भव्य रैली निकाली। सिंगल यूज प्लास्टिक के कारण पर्यावरण को हो रहे नुकसान को लेकर बच्चों ने विशेष झांकी बैंड के साथ रैली निकाली और शहर भ्रमण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बन्द करने का भी आह्वान किया।



रैली में शामिल बच्चे।

### मॉन्सटर की तरह कर रहा प्रभावित

अभियान के दौरान बच्चों ने घड़ी चौक पर एक नुक्कड़ नाटक किया। इस दौरानबच्चों ने प्लास्टिक कचरे की तुलना एक राक्षस से की जो पर्यावरण व जीवन को नुकसान पहुंचा रहा है। स्कूल की गर्ल्स विंग की प्रेसिडेंट अन्वेषा सिन्हा ने बताया की हमने सिंगल यूज प्लास्टिक रैपर को बैन करने का अभियान छेडा है। रैली में ये सन्देश दिया गया प्लास्टिक मोनेस्टर कैसे हम सबको नुकसान पहुंचा रहा है। हमने के हस्ताक्षर अभियान चलाया जिसमें 75 हजार लोगों के हस्ताक्षर लिए गए और अब इसे पीएम को भेजेंगे। हर साल की तरह इस साल भी हमने प्लास्टिक रैपर एकत्र किये हैं और उसे कंपनियों को क्रिसमस या न्यू इयर गिफ्ट के रूप में भेज रहे है।

#### छुट्टी में भी की तैयारी

स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. जेस्सी ने बताया कि बच्चों न इस अभियान को लेकर काफी मेहनत की। स्कूल की छुट्टी होने पर भी बच्चे स्कूल आए और इस अभियान को लेकर तैयारियां की। शहर में जागरुकता अभियान चलाया, लोगों से हस्ताक्षर लिए। इस अभियान में बच्चों के साथ उन टीचरों का भी बड़ा योगदान होता है जो बच्चों को प्रेरित करते हैं इस तरह के आयोजन में सपोर्ट करते हैं।

### समर्थन में आए जनप्रतिनिधि

बच्चों के इस अभियान को शहर के जनप्रतिनिधियों के समर्थन भी मिला। इस कार्यक्रम में महापौर श्रीमतीं मंजूषा भगत, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, पूर्व जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता सहित अन्य शामिल हुए इस दौरान सभी ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे समाज को एक नई दिशा देने की पहल है। अम्बिकापुर स्वच्छता में देश में अव्वल रहा है और इस बार स्वच्छता लीग में सफलता हासिल की। हमने सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाया है और इसपर कार्रवाई भी करेंगे।



# सहकारी समिति छिंदिया में 3 हजार बोरी धान घोटाले का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

- कार्रवाई नहीं होने से किसानों में आक्रोश

सहकारी समिति छिन्दिया में बड़े पैमाने पर धान घोटाले का मामला सामने आया है। किसानों ने गाढ़ी कमाई पर डाका डाले जाने के आरोप लग रहे हैं। तहसीलदार द्वारा 1 जनवरी को किए गए आकस्मिक निरीक्षण के दौरान समिति में लगभग 3000 बोरी धान कम पाया गया, जो कि करीब 1200 क्विंटल होता है। सरकारी समर्थन मूल्य के अनुसार इसकी कीमत लगभग 40 लाख रुपये बताई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार तहसीलदार ने निरीक्षण के बाद जांच कार्रवाई रजिस्टर में 3000 बोरी धान की कमी का लिखित उल्लेख भी किया है और संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद भी अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से किसानों में आक्रोश है। किसानों और ग्रामीणों का आरोप है कि समिति के प्रबंधक और कथित बिचौलियों की मिलीभगत से न केवल किसानों के धान में हेराफेरी की गई, बल्कि सरकार के राजस्व को भी भारी नुकसान पहुंचाया गया है। गांव में यह चर्चा जोरों पर है कि पूरे मामले को लीपापोती कर दबाने की कोशिश की जा रही है। यह कोई पहला मामला नहीं है। पिछले वर्ष भी ग्राम अर्जुनपुर के सामाजिक कार्यकर्ता जगधारी द्वारा समिति में अनियमितताओं को लेकर जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों को शिकायत दी गई थी, लेकिन उस समय भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि कार्रवाई न होने के कारण समिति कर्मचारियों के हौसले और बढ़ गए और इस वर्ष फिर से बड़ा घोटाला सामने आया है। गांव में यह भी चर्चा है कि जांच के लिए बड़े अधिकारी मौके पर तो आए, लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की। इधर किसानों ने किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से नाराजगी जताई है साथ ही दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

#### तीन हजार बोरी कम पाया गया था धान

जांच के दौरान सहकारी समिति छिन्दिया में 3 हजार बोरी धान कम पाया गया था। सरकारी समिति के जांच रजिस्टर में 3 हजार बोरी कम होने का लिखित उल्लेख किया है और इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दिया गया है। अभी जांच चल रही है जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

-मनहरण सिंह राठिया
तहसीलदार रामानुजनगर

# एसआईआर प्रक्रिया में वोटरों की छंटनी पश्चात 285 लोगों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- समय सीमा में आवश्यक वैध दस्तावेज जमा करने का दिया गया अतिरिक्त मौका

नगर पंचायत बिश्रामपुर एवं शिवनन्दनपुर अंतर्गत चल रही एसआईआर प्रक्रिया के दौरान निर्धारित मानकों के अनुरूप दस्तावेज जमा नहीं करने वाले नागरिकों पर प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में बिश्रामपुर नगर पंचायत के करीब 285 लोगों को नोटिस जारी कर सुनवाई का एक अतिरिक्त अवसर दिया गया है,ताकि वे अपने वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर सकें और मतदाता सूची में अपने नाम सुरक्षित रख सकें, ज्ञात हो कि सोमवार को इस प्रक्रिया के तहत नगर पंचायत बिश्रामपुर के 22 नागरिकों को सुनवाई के लिए नोटिस जारी किया गया था, सुनवाई के दौरान प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

मानी नायब तहसीलदार प्रियंका रवि, नगर पंचायत बिश्रामपुर के सीएमओ सुशील कुमार तिवारी, पटवारी अरुण जायसवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे और प्रत्येक मामले को सुना गया,सुनवाई के दौरान कई नागरिक नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और अपने-अपने दस्तावेज जमा किए,हालांकि कई ऐसे लोग भी सामने आए जिनके पास निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं,दस्तावेजों की कमी के चलते उनके बीच मतदाता सूची से नाम कटने का भय लगातार गहराता जा रहा है, जिससे लोगों में चिंता और असमंजस का माहौल बना हुआ है,स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आम नागरिकों की व्यावहारिक समस्याओं को देखते हुए दस्तावेज संबंधी नियमों की स्पष्ट जानकारी और मार्गदर्शन दिया जाए,ताकि कोई भी पात्र मतदाता अनजाने में अपने अधिकार से वंचित न हो,एसआईआर के तहत चल रही यह प्रक्रिया जहां एक ओर मतदाता सूची को शुद्ध करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है,वहीं दूसरी ओर दस्तावेजों की कमी से जूझ रहे नागरिकों के लिए यह चिंता का विषय बनती जा रही है, इस संबंध एसडीएम शिवानी जायसवाल ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य योग्य मतदाताओं को सूची से बाहर करना नहीं,बल्कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाना है,जिन नागरिकों के दस्तावेज अधूरे हैं,उन्हें नियमानुसार अवसर दिया जा रहा है, ताकि वे समय रहते आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत कर सकें।



# बलरामपुर खदान में 30 लाख टन कोयले पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- एचएमएस संगठन के क्षेत्रीय महामंत्री ने चरणबद्ध आंदोलन करने की दी चेतावनी

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत बलरामपुर खदान में करीब 30 लाख टन कोयले का विशाल भंडार मौजूद है, जिसे कुछ आवश्यक मशीनें और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर आसानी से निकाला जा सकता है, बावजूद इसके प्रबंधन पर आरोप है कि कर्मियों से काम न लेकर निजी ठेकेदारों के जरिये जानबूझकर खदान की पंपिंग व्यवस्था में बाधा डाली जा रही है। ऐसे में कम्पनी को नुकसान पहुंचाकर निजीकरण को बढ़ावा देने के आरोप प्रबंधन पर लग रहे हैं,मामले में कोयला मजदूर सभा एचएमएस के क्षेत्रीय महामंत्री देवेंद्र मिश्रा का दावा है कि इस खदान के भीतर सैकड़ों करोड़ रुपए की मशीनरी और सामग्री पहले से ही डूबी हुई है।

जिससे न केवल सरकारी संपत्ति का भारी नुकसान हो रहा है,बल्कि खदान की उत्पादक क्षमता भी प्रभावित हो रही है,श्री मिश्रा का कहना है कि यदि मात्र चार से छह पंप और एलएचडी मशीनें उपलब्ध करा दी जाएं,तो बिना किसी बड़ी बाधा के कोयले का दोहन किया जा सकता है, उन्होंने आरोप लगाया है कि नया कुम्दा खदान 7/8 में भी इसी तरह की स्थिति जानबूझकर बनाई जा रही है, जिससे सरकारी उत्पादन को कमजोर कर निजीकरण का रास्ता साफ किया जा सके,यह स्थिति क्षेत्र हित, खदान हित और मजदूर हित तीनों के लिए घातक बताई जा रही है,इन मुद्दों को लेकर कोयला मजदूर सभा एचएमएस के क्षेत्रीय महामंत्री देवेंद्र मिश्रा ने चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान कर दिया है,उन्होंने बताया कि 9 जनवरी शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन,16 जनवरी शुक्रवार से क्रमिक भूख हड़ताल करने एवं 23 जनवरी से अनशन पर बैठने की बात कही जा रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि प्रबंधन ने समय रहते पंपिंग व्यवस्था दुरुस्त कर खदानों में मशीनें उपलब्ध नहीं कराई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जायेगा,उन्होंने कहा कि यह लड़ाई निजीकरण के खिलाफ, सरकारी संपत्ति की रक्षा और मजदूरों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए है।

# रिश्तेदार की हत्या करने के मामले में आरोपी सगे भाई गिरफ्तार



**बिश्रामपुर।** लटोरी चौकी क्षेत्र के द्वारिका नगर में शनिवार को छेरता पर्व के दौरान हुए मामूली विवाद के बाद 24 वर्षीय युवक की लाठी-डंडों से पीट कर हत्या कर देने वारदात में शामिल आरोपित दोनों सगे भाई टेम साय पैकरा 25 वर्ष एवं गेंद बिहारी 20 वर्ष पिता ठाकुर सिंह पैकरा निवासी द्वारिका नगर चौकी लटोरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर आज सोमवार को न्यायालय पेश कर दिया है,न्यायालय के आदेश पर दोनों को जेल दाखिल कराया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार द्वारिका नगर निवासी रामलल्लू अगरिया (24 वर्ष) ने चार वर्ष पूर्व गांव के ही ठाकुर राम पैकरा की बेटी टिकेश्वरी से प्रेम विवाह किया था,प्रेम विवाह के बाद दोनों पति-पत्नी के रूप में साथ रह रहे थे,शनिवार को छेरता पर्व के अवसर पर रामलल्लू का साला गेंदबिहारी दोनों रामलल्लू के घर में साथ खाना-पीना खाए,इसी दौरान गेंदबिहारी को घर में देखकर रामलल्लू का छोटा भाई अनिल नाराज हो गया और कहा कि इतने दिनों से तुम लोग हमारे घर नहीं आए,आज क्यों आए हो,इस बात पर गेंदबिहारी भड़क गया और धमकी देते हुए वहां से चला गया,पुलिस के अनुसार कुछ देर बाद गेंद बिहारी अपने भाई टेमसाय को लेकर वापस रामलल्लू के घर पहुंचा,इसके बाद दोनों भाइयों ने लाठी-डंडों से रामलल्लू और अनिल दोनों की जमकर पिटाई कर दी और मौके से फरार हो गए,घटना में गंभीर रूप से घायल रामलल्लू और अनिल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी ले जाया गया,जहां अनिल की हालत सामान्य बताई गई,वहीं रामलल्लू की स्थिति बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया,जहां देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई,घटना की सूचना मिलते ही लटोरी पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से घटना की जानकारी ली,लटोरी पुलिस ने मामले में आरोपितों के खिलाफ धारा 296,351(3),115(2)3,5 बीएनएस की धारा के तहत जुर्म दर्ज किया है,पुलिस ने बताया कि मामले की जांच परीक्षण उपरांत मामले में धारा103(1),324 जोड़ी गई है।पुलिस ने आरोपित सगे भाइयों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया है।

### यातायात जागरूकता हेतु कॉलेजों में कैंप लगाने एसएसपी से की मुलाकात

**अम्बिकापुर।** सड़क सुरक्षा माह में युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और उन्हें ड्रायविंग लायसेंस बनाने के लिये सुविधा देने के उद्देश्य से एनएसयूआई के पदाधिकारी नव कार्यकर्ताओं ने सोमवार को एसएसपी राजेश अग्रवाल से मुलाकात के उन्हें ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल ने बताया कि कॉलेज में पढ़ने वाले अधिसंख्यक छात्र-छात्राओं द्वारा आज दुपहिया वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है। उन्हें सड़क दुर्घटना के जोखिम के शारीरीक और आर्थिक पक्ष से अवगत कराना आवश्यक है। इससे सड़क दुर्घटना में कमी होगी। साथ ही साथ ड्राइविंग लाइसेंस को प्राप्त करने के लिए महाविद्यालयों में कैम्प लगाने से लायसेंस प्राप्त करने में छात्रों को सहूलियत प्राप्त होगी। एनएसयूआई की इस पहल का पुलिस अधीक्षक ने स्वागत किया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि इस पहल पर प्रशासन की ओर से सकारात्मक कदम उठाया जाएगा।

# हिन्दू धर्म की मजबूती से ही विश्व का कल्याण : मिश्रा

- संत गहिरा गुरु आश्रम में किया गया हिन्दू सम्मेलन

**अम्बिकापुर।** सर्व हिन्दू समाज मणिपुर बस्ती द्वारा संत गहिरा गुरु आश्रम में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में जिला के विभिन्न बस्ती, मंडलों में सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है।



कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं बजरंगबली के छाया चित्र में दीप प्रज्वलन एवं हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता धर्म जागरण के संस्कृति आयाम सह प्रांत प्रमुख अरविन्द मिश्रा ने सनातन धर्म की महत्ता का उल्लेख करते हुए बताया कि गुण और कार्य के अनुसार व्यक्ति का वर्ण व्यवस्था में निर्धारण निश्चित था, यह जन्म आधारित नहीं था। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे सूर्य प्रकाश साहू ने कहा कि हिन्दू जब जब बंटा है, तब तब घटा है। आज बांग्लादेश में हिन्दू समाज पर हो रहे अत्याचार और हत्याएं बहुत चिंताजनक हैं। करुणा और दया हमारी विशेषता रही है, लेकिन विधर्मियों ने इसे हमारी कमजोरी समझा है। उन्होंने कहा कि हमें जाति से ऊपर उठकर हम सब हिन्दू हैं, संगठन में शक्ति है के भाव को बढ़ावा देना है, अनेक प्रकार के संकटों से लड़ना है तो हमें एकजुट होना होगा। महिला वक्ता गौरी शर्मा ने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन में जोर देते हुए कहा कि सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व आधारित जीवन एवं नागरिक कर्तव्य का पालन और व्यवहार सभी को करते हुए हमें भारत को फिर से विश्व गुरु बनाना है। पुरोहित जय तिवारी ने बताया कि पूरी सृष्टि में एकमात्र सनातन धर्म है जो सभी के सुख और निरोग की कामना करता है। आभार प्रदर्शन संरक्षक सुरेश मलिक एवं मंच संचालन सरस्वती केरकेट्टा ने किया। इस अवसर पर शिवशंकर किस्पोट्टा, शम्भू प्रजापति, अरविंद पासी, गणेश साहू , जगदीश विश्वकर्मा, रेखा गुप्ता, हीरालाल सहित विभिन्न समाज के प्रमुखों को सम्मानित किया गया। इस दौरान अशोक सोनवानी, सालेम केरकेट्टा, यदुवंश केरकेट्टा, अभय साहू, रामसेवक साहू, इन्दर भगत, दिनेश साहू, सत्यम साहू, मुरारीलाल बंसल, पंकज चौधरी, अमरनाथ साहू, खुशबू एक्का, धनेश्वर दास, अंकित दास, अंकुश दास, बढ़हु राम यादव, लरंग मुंडा, उमेश यादव, राकेश कुशवाहा, मिथलेश श्रीवास्तव, रवि गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

### घिर्रा मेला नीलामी में बरतें पारदर्शिता नहीं तो करेंगे घेराव : बृजेश

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ क्षेत्र में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले घिर्रा मेला की नीलामी प्रक्रिया को लेकर जनपद पंचायत की भूमिका पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। मेला आयोजन का समय नजदीक होने के बावजूद अब तक नीलामी को लेकर कोई सार्वजनिक सूचना जारी नहीं किए जाने से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विगत तीन-चार वर्षों से जनपद पंचायत शंकरगढ़ में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की आपसी सांठगांठ से मेला नीलामी अपारदर्शी तरीके से की जा रही है। शंकरगढ़ जनपद क्षेत्र अंतर्गत डीपाडीह कला एवं शंकरगढ़ में प्रतिवर्ष घिर्रा मेला आयोजित होता है, जो धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# केतकी खदान में नाराज ग्रामीणों ने मुख्य द्वारा के सामने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/मानीचौक

देश की पहली एमडीओ मोड में संचालित केतकी भूमिगत खदान परियोजना में सोमवार को स्थानीय नाराज ग्रामीणों के आंदोलन के कारण कोयला उत्पादन करीब नौ घंटे तक बाधित रहा,भाजपा नेता संत सिंह के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों ने रोजगार सहित अन्य मुद्दों को लेकर खदान के मुख्य द्वार पर धरना देकर खदान संचालन ठप्प करा दिया,सुबह करीब साढ़े सात बजे शुरू हुए आंदोलन के बाद देर शाम लगभग चार बजे खदान प्रबंधन और आंदोलनकारियों के बीच सकारात्मक चर्चा हुई। जिसके पश्चात आंदोलन को समाप्त किया गया। इसके बाद शाम करीब पांच बजे मजदूरों का खदान में प्रवेश हुआ और कोयला उत्पादन पुनः शुरू हो सका।



आंदोलनकारियों की प्रमुख मांगों में खदान में स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार देने,कोयला उत्पादन व परिवहन के दौरान उड़ने वाली धूल को नियंत्रित करने के लिए नियमित जल छिड़काव,तथा निजी कंपनी के अधीन पेटी ठेकेदारों की कथित मनमानी और मजदूरों से मोटी रकम लेकर काम पर रखने जैसी अनियमितताओं की जांच शामिल रही,ग्रामीणों का कहना था कि कई स्थानीय युवक वीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं,इसके बावजूद खदान प्रबंधन निजी कंपनी द्वारा दूसरे जिलों से ठेका मजदूरों को काम पर रखा जा रहा है,जिससे स्थानीय युवाओं में रोजगार नहीं मिल पाने से नाराजगी है,साथ ही खदान के सामने और सड़क मार्ग पर जल छिड़काव न होने से दिनभर धूल का गुब्बार उड़ता रहता है। जिससे आसपास के गांवों और राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है।



# द केरल स्टोरी के मेकर्स ने की नई फिल्म की घोषणा

**मुंबई।** साल 2023 में निर्माता विपुल शाह 'द केरल स्टोरी' लेकर आए थे। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा था। अब मेकर्स एक बार फिर इसी तरह की कहानी लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने सोमवार को नई फिल्म की घोषणा कर दी है, जिसका नाम 'बियॉन्ड द केरल स्टोरी' है। हालांकि, इस फिल्म की स्टारकास्ट और डायरेक्टर पूरी तरह से अलग और नए हैं। सनशाइन पिक्चर्स और विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित इस फिल्म को कामाख्या नारायण सिंह निर्देशित करेंगे। मेकर्स द्वारा जारी किए गए वीडियो में अभी कोई सीन या कोई कलाकार नजर नहीं आया है।

लाइफ Style



# कल्याणी

## बॉलीवुड में करने जा रहीं डेब्यू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'लोका चैप्टर 1' से सुर्खियां बटोरने वाली कल्याणी प्रियदर्शन के अब बॉलीवुड में डेब्यू करने की चर्चाएं हैं। कल्याणी रणवीर सिंह के साथ बॉलीवुड में कदम रख सकती हैं। अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन ने साल 2025 में सुपरहिट मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1: चंद्रा' में अपने अभिनय से काफी सुर्खियां बटोरीं।

फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों दोनों ने ही पसंद किया था। 'लोका' की सफलता के बाद अब ऐसा लगता है कि कल्याणी बॉलीवुड में भी अपना डेब्यू करने जा रही हैं। इसके लिए वो काफी उत्साहित हैं। ऐसी चर्चाएं उठ रही हैं कि कल्याणी प्रियदर्शन जल्द ही बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर सकती हैं। चर्चाएं ये भी हैं कि कल्याणी रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'प्रलय' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। हालांकि, अभी तक इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन, ये चर्चाएं तेज हुईं कल्याणी की एक इंस्टाग्राम स्टोरी के चलते। दरअसल, हाल ही में कल्याणी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर साझा की और 'प्रलय' के निर्देशक जय मेहता को टैग किया। ये तस्वीर जोस सारामागो द्वारा लिखित उपन्यास 'ब्लाइंडनेस' की थी। इसे कल्याणी आजकल पढ़ रही हैं। कल्याणी ने इस गिफ्ट के लिए जय को धन्यवाद दिया। अपनी स्टोरी में जय को टैग करने के बाद से ही कल्याणी के बॉलीवुड डेब्यू की चर्चाएं तेज हो गई हैं। कल्याणी के नॉवेल 'ब्लाइंडनेस' की तस्वीर शेयर करने से उनके प्रलय में नजर आने की चर्चाएं इसलिए भी उठ रही हैं, क्योंकि इस किताब में हानि, दिशाहीनता और कमजोरी की एक इमोशनल कहानी है।

हॉलीवुड मसाला



# 170 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

**लॉस एंजिल्स।** कोरियन सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले दिग्गज अभिनेता अह्न सुंग की का 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने महज एक बाल कलाकार के रूप में अभिनय की दुनिया में कदम रखा था और फिर धीरे-धीरे कोरियन सिनेमा के सबसे सम्मानित चेहरों में शुमार हो गए। करीब सात दशकों तक इंडस्ट्री में सक्रिय रहने वाले अह्न ने 170 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और हर पीढ़ी के दर्शकों के दिलों में अपनी अलग पहचान बनाई।



# विक्टोरिया की मौत के कारण का खुलासा!

**लॉस एंजिल्स।** नए साल के पहले ही दिन पूरा हॉलीवुड उस वक्त सकते में आ गया, जब स्टार आइकन और ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुके टॉमी ली जोन्स के घर से बेहद बुरी खबर आई। पता चला कि 1 जनवरी को उनकी बेटी विक्टोरिया जोन्स की मौत हो गई। वह महज 34 साल की थीं। विक्टोरिया की लाश सैन फ्रांसिस्को के एक होटल के कमरे में मिली। पहले जहां के मौत का कारणों को लेकर कोई जानकारी नहीं आ रही थी, वहीं अब खबर है कि विक्टोरिया की मौत शायद ड्रग ओवरडोज से हुई है। यह बात उनकी मौत से जुड़े इमरजेंसी डिस्पैच ऑडियो से पता चलती है। एक मैगजीन का दावा है कि उसके पास डिस्पैच ऑडियो है, जिसमें 911 इमरजेंसी कॉल को 'ओवरडोज के लिए कोड 3' और 'रंग में बदलाव' के रूप में कटैगराइज किया गया है।



# दीपिका नए टैलेंट को देंगी पहचान...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने जन्मदिन के मौके पर अपने फैंस को एक रिटर्न गिफ्ट दिया है। उन्होंने नई क्रिएटिव जेनरेशन को आगे बढ़ाने के लिए एक नया प्रोग्राम लॉन्च किया है। दीपिका पादुकोण ने अपने जन्मदिन पर नए और युवा क्रिएटिव टैलेंट को आगे बढ़ाने के लिए एक पहल शुरू की है। सच्ची कहानियों और नए टैलेंट को आगे बढ़ाने की सोच के साथ दीपिका ने 'द ऑनसेट प्रोग्राम' की शुरुआत की घोषणा की है। यह उनके क्रिएट विद मी प्लेटफॉर्म का अगला कदम है। इसका मकसद ऐसे नए क्रिएटिव आर्टिस्ट्स को मौका देना है, जो इंडियन फिल्म, टीवी और विज्ञापन की दुनिया में अपना करियर बनाना चाहते हैं। उनके टैलेंट सही मायनों में सामने आ सके इसलिए यह प्लेटफॉर्म बनाया गया है।



# विनीत ने शुरू की नई फिल्म की शूटिंग

**मुंबई।** विनीत कुमार सिंह ने नए साल की शुरुआत नई ऊर्जा और नए प्लान के साथ की है। 2025 उनके लिए शानदार रहा, जिसमें एक के बाद एक हिट फिल्में आईं। इनमें उनकी बड़ी सफलता 'छावा' भी शामिल है। अब 2026 की शुरुआत उनके लिए और भी धमाकेदार हो रही है। उन्होंने अपने नए प्रोजेक्ट को लेकर सोशल मीडिया हैंडल पर पूजा मुहूर्त का वीडियो और तस्वीरें शेयर की हैं। विनीत ने शूटिंग के पहले दिन की कुछ तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किए। इनमें टीम पूजा करती दिख रही है और विक्रम सेट पर काम करते नजर आ रहे हैं। एक वीडियो में विनीत अपनी को-स्टार सैयामी खेर के साथ आरती करते दिखे। टीम के बाकी लोग पीछे खड़े नजर आ रहे हैं। एक और क्लिप में विनीत भावुक होकर विक्रम को गले लगाते नजर आए।

टीवी मसाला



# केबीसी के 17वें सीजन के खत्म होने पर अटका महसूस कर रहे बिग बी

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति का 17वां सीजन समाप्त हो चुका है। ऐसे में अमिताभ बच्चन को केबीसी के सेट की बहुत याद सता रही है। होस्ट अमिताभ बच्चन ने भावुक होकर सीजन को अलविदा तो कह दिया, लेकिन अब वह खुद को अटका हुआ महसूस कर रहे हैं। लोकप्रिय गेम शो केबीसी के सीजन 17 का ग्रैंड फिनाले 2 जनवरी को रात 9 बजे दिखाया गया। अब अपने ब्लॉग पर अमिताभ ने बताया कि सीजन खत्म होने के बाद उन्हें अटका हुआ सा महसूस हो रहा है। वे सामान्य कामकाज में वापस लौटने की कोशिश कर रहे हैं। अपनी ताजा पोस्ट में अमिताभ ने लिखा, 'सीजन खत्म हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं और दिन बहुत लंबे लग रहे हैं। काम की नैतिकता बनाए रखने का मन नहीं कर रहा। काम न करना एक गीले, बड़े बंजर इलाके में धीमी चाल चलने जैसा है।' उन्होंने आगे लिखा, 'इसमें अटक गया हूं... थके पैरों को बाहर निकालकर आगे बढ़ने की पूरी कोशिश करूंगा।' अमिताभ आखिरी बार फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में दिखे थे। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस साइंस फिक्शन फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण और कमल हासन भी थे। अमिताभ ने अश्वत्थामा का रोल निभाया, जिसे दर्शकों ने बहुत पसंद किया। 'कल्कि 2898 एडी' का दूसरा भाग भी आएगा, जिसमें बिग बी अश्वत्थामा के किरदार को दोहराएंगे।

## गौरव को अब तक नहीं मिली जीती हुई कार



**नई दिल्ली।** टेलीविजन के लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' के विजेता गौरव खन्ना अपने व्लॉग में जीत को लेकर बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। शो खत्म हुए एक महीने से ज्यादा का वक्त बीत चुका है, लेकिन गौरव को अब तक वह कार नहीं मिली है, जो उन्हें विजेता बनने पर इनाम के तौर पर दी जानी थी। हाल ही में अपने एक व्लॉग के जरिए गौरव ने इस मुद्दे पर हल्के-फुल्के अंदाज में बात की। गौरव खन्ना ने यह खुलासा अपने यूट्यूब चैनल पर डाले गए व्लॉग में किया, जिसमें उनके साथ 'बिग बॉस 19' के को-कंटेस्टेंट प्रणित मोरे भी नजर आए। दोनों शो के अनुभवों को याद करते हुए डिनर पर बातचीत कर रहे थे। इस दौरान गौरव ने मजाकिया लहजे में कहा कि वह अब भी हाथों से खाना खा रहे हैं, जैसे उन्होंने घर के अंदर सीखा था, जबकि प्रणित चम्मच का इस्तेमाल कर रहे थे। इसी बातचीत के बीच कार का मुद्दा भी सामने आ गया। जब प्रणित ने हंसी-मजाक में गौरव से कहा कि अपनी जीती हुई कार भी उन्हें दे दें, तो इस पर गौरव ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि उन्हें खुद अभी तक वह कार नहीं मिली है।

# एक्शन-रोमांस से लेकर सस्पेंस-कॉमेडी तक इस हफ्ते ओटीटी पर आएगा एंटरटेनमेंट का सैलाब



**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत ओटीटी दर्शकों के लिए बेहद खास रहने वाली है। इसी हफ्ते मच अवेटेड वेब सीरीज, रियलिटी शोज और फिल्में अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर दस्तक देने को तैयार हैं। रोमांच से लेकर बिजनेस पिचिंग, जबरदस्त एक्शन, रोमांस, थ्रिलर और रियलिटी ड्रामा तक- हर तरह के कंटेंट से यह हफ्ता भरपूर रहने वाला है।

***मास्टरशेफ इंडिया सीजन 9*** : इस हफ्ते सबसे पहले दर्शकों को मास्टरशेफ इंडिया-हिंदी सीजन 9 देखने को मिलेगा। ये खाना बनाने का शो 5 जनवरी से सोनी लिव प्लेटफॉर्म पर शुरू गया है। यह कार्यक्रम सोनी टीवी चैनल पर भी उपलब्ध होगा और नए एपिसोड हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे दिखाई जाएंगे।

***शार्क टैंक इंडिया सीजन 5*** : 5 जनवरी को शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 भी रिलीज हो गया है। यह कार्यक्रम सोनी लिव प्लेटफॉर्म पर दिख रहा है। इस सीजन भी पहले की ही तरह कई तरह की नए बिजनेस पिचेस को शार्क के सामने पेश किया जाएगा।

***अखंडा 2*** : तेलुगु भाषा की एक बड़ी फिल्म अखंडा 2, 9 जनवरी को नेटफ्लिक्स प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। यह एक कल्पनात्मक और रोमांचक कथा है जिसमें दर्शकों को कथानक देखने को मिलेंगे। इस फिल्म में नंदमुरी बालकृष्ण कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं और यह पिछले भाग की कहानी को आगे बढ़ाएगी।

***दे दे प्यार दे 2*** : रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' भी 9 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर जारी होगी। अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की इस फिल्म को सिनेमाघरों में कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था। अब देखने वाली बात ये होगी कि ये फिल्म ओटीटी पर क्या कमाल दिखाती है।

***मास्क*** : तमिल भाषा की मास्क नामक एक्शन और रहस्य से भरी फिल्म 9 जनवरी को जी5 प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। यह फिल्म अपनी तेज रफ्तार कहानी और रोमांचक सीन के कारण दर्शकों के बीच उत्साह पैदा करेगी।

# नए साल पर छुट्टियां मनाकर लौटे



*मुंबई। बॉलीवुड के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन नए साल का जश्न मनाकर अब विदेश से भारत लौट चुके हैं। बेटी आराध्या के साथ एयरपोर्ट पर नजर आए ऐश्वर्या और अभिषेक की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें तीनों मुस्कराते हुए नजर आ रहे हैं। खास बात यह रही कि ऐश्वर्या ने फैंस और पैपराजी को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इस छोटे से जेस्चर ने सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया। कई यूजर्स ने इसे परफेक्ट फैमिली मोमेंट' बताया तो कुछ ने कपल को नए साल की बधाई दी। हालांकि, कई बार ऐसी अफवाहें आईं कि ऐश्वर्या और अभिषेक एक-दूसरे से अलग हो रहे हैं, लेकिन समय-समय पर कपल ने सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया। इस दौरान तीनों ब्लैक कलर के साथ ट्विनिंग करते हुए नजर आए। इससे पहले न्यूयॉर्क से भी ऐश्वर्या और अभिषेक की कुछ तस्वीरें सामने आई थीं, जिनमें दोनों कपल गोल्स देते हुए नजर आए थे। बिना किसी शोर-शराबे के परिवार के साथ समय बिताना हमेशा से इस कपल की प्राथमिकता रही है।*

## ऑल हर फॉल्ट की सारा स्नूक को लिमिटेड सीरीज में चुना गया बेस्ट एक्ट्रेस

# टिमोथी बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का फिल्मों में रहा दबदबा

*लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स में से एक 31वें क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन 5 जनवरी को किया गया। इस साल का समारोह कई मायनों में खास रहा, जहां फिल्मों के साथ-साथ वेब और टीवी सीरीज ने भी अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई। अमेरिका के सांता मोनिका स्थित बार्कर हैंगर में आयोजित इस भव्य आयोजन में दुनियाभर के क्रिटिक्स द्वारा चुने गए बेहतरीन कलाकारों और क्रिएटर्स को सम्मानित किया गया।*

## 'वन बैटल आफ्टर अनदर' बनी बेस्ट फिल्म

इस साल की सबसे बड़ी विजेता बनकर उभरी 'वन बैटल आफ्टर अनदर', जिसने बेस्ट फिल्म का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। इतना ही नहीं, फिल्म के निर्देशन के लिए मशहूर फिल्ममेकर पॉल थॉमस एंडरसन को भी सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड मिला। यह फिल्म अपनी दमदार कहानी, विजुअल ट्रीटमेंट और निर्देशन के चलते पहले से ही चर्चा में थी और अब अवॉर्ड्स में इसकी जीत ने इसे साल की सबसे प्रभावशाली फिल्मों में शामिल कर दिया है।

## जैकब बने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता

एक्टिंग कैटेगरी की बात करें तो टिमोथी चालमेट ने फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता, जबकि जैसी बकली को 'हैमनेट' में शानदार प्रदर्शन के लिए बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया। सपोर्टिंग रोल्स में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जहां जैकब एलॉर्डी ने 'फ्रैंकनस्टीन' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का अवॉर्ड अपने नाम किया, वहीं एमी मैडिगन को 'वेपन्स' के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का सम्मान मिला।



**द स्टूडियो को बेस्ट कॉमेडी सीरीज का खिताब** : कॉमेडी और ड्रामा सीरीज की कैटेगरी में भी कई चर्चित नामों ने बाजी मारी। द स्टूडियो को बेस्ट कॉमेडी सीरीज का खिताब मिला, जबकि जीन स्मार्ट, जैनेल जेम्स और आइक बारिनहोल्ट्ज ने अपने-अपने अभिनय के लिए अवॉर्ड जीते। ड्रामा सीरीज में द पिटके नोआ वाइल और कैथरीन ला नासा, सेवेरेंस के ट्रैमल टिलमैन और प्लूरिबस की रिया सीहॉर्न को सम्मानित किया गया।

**गोल्डन को बेस्ट सॉन्ग का अवॉर्ड** : एनीमेशन और म्यूजिक की दुनिया में 'के-पॉप डेमन हंटर्स' ने खास पहचान बनाई। फिल्म को बेस्ट एनिमेटेड फीचर और इसके गाने 'गोल्डन' को बेस्ट सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। वहीं 'स्क्विड गेम' को बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज सीरीज और 'द सीक्रेट एजेंट' को बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म चुना गया। इस बार का समारोह इसलिए भी खास रहा क्योंकि इसमें कई नई कैटेगरीज जोड़ी गईं, जिनमें कास्टिंग और एंसेंबल जैसी श्रेणियां शामिल हैं।

***एडोलसेंस सीरीज ने भी जीते कई अवॉर्ड्स*** : *टीवी और लिमिटेड सीरीज कैटेगरी में 'एडोलसेंस' का जलवा साफ नजर आया। इस सीरीज के कलाकारों ने लगभग हर प्रमुख अभिनय श्रेणी में जीत दर्ज की। स्टीफन ग्राहम को लिमिटेड सीरीज में बेस्ट एक्टर, ओवेन कूपर को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर और एरिन डोहर्टी को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। वहीं 'ऑल हर फॉल्ट' की सारा स्नूक को लिमिटेड सीरीज में बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया।*

### विजेताओं की लिस्ट

| | |
|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ फिल्म | वन बैटल आफ्टर अनदर |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता | टिमोथी चालमेट, 'मार्टी सुप्रीम' |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री | जेसी बकली, 'हैमनेट' |
| सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता | जैकब एलोर्डी, फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री | एमी मैडिगन, वेपन्स |
| सर्वश्रेष्ठ युवा अभिनेता या अभिनेत्री | माइल्स कैटन, सिनर्स |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशक | पॉल थॉमस एंडरसन, वन बैटल आफ्टर अनदर |
| सर्वश्रेष्ठ मौलिक पटकथा | रायन कूगलर, सिनर्स |
| सर्वश्रेष्ठ रूपांतरित पटकथा | पॉल थॉमस एंडरसन, वन बैटल आफ्टर अनदर |
| सर्वश्रेष्ठ कास्टिंग और एन्सेंबल | फ्रैंसिन मैसलर, सिनर्स |
| सर्वश्रेष्ठ छायांकन | एडोल्फो वेलोसो, ट्रेन ड्रीम्स |
| सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन | फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ संपादन | स्टीफन मिरियोन, एफ़ वन: द मूवी |
| सर्वश्रेष्ठ परिधान डिजाइन | फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ हेयर और मेकअप | फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव | अवतार: फायर एंड ऐश |
| सर्वश्रेष्ठ स्टंट डिजाइन | मिशन: इम्पॉसिबल- द फाइनल रेकनिंग |
| सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फीचर | के-पॉप डेमन हंटर्स |
| सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी | द नेकेड गन |
| सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म | द सीक्रेट एजेंट |
| सर्वश्रेष्ठ गीत | गोल्डन, के-पॉप डेमन हंटर्स |
| सर्वश्रेष्ठ संगीत | लुडविग गोरान्सन, सिनर्स |

## खबर संक्षेप

### गांधीनगर थाना प्रभारी सहित 9 का स्थानांतरण

**अम्बिकापुर।** प्रशासनिक दृष्टिकोण से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने चार थाना व चौकी प्रभारियों सहित कुल 9 पुलिसकर्मियों को स्थानांतरित किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल द्वारा जारी प्रशासनिक आदेश के अनुसार गांधीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप जायसवाल को लुण्ड्रा का थाना प्रभारी पदस्थ किया गया है वहीं रक्षित केंद्र से निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी गांधीनगर थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोतवाली थाना में पदस्थ उपनिरीक्षक संपत वोटाई को थाना प्रभारी लखनपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है वहीं थाना प्रभारी लुण्ड्रा उप निरीक्षक राम नारायण पटेल को रघुनाथपुर चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### धूमधाम से मना गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व

**अम्बिकापुर।** सिख समाज ने दसवें गुरु श्री गरुगोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रकाश पर्व के मौके गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा में शबद कीर्तन के साथ ही अटूट लंगर बरताया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेका। बता दें कि सिख समाज द्वारा सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती श्रद्धाभाव और हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। प्रकाशपर्व के उपलक्ष्य ओर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जबकि सोमवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में नगरवासियों सहित सिख समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।

## निधन

### रामाश्रय शुक्ला

**बैकुण्ठपुर।** शहर के स्कूलपारा निवासी सेवानिवृत्त लेखापाल



रामाश्रय शुक्ला का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे करीब 68 वर्ष के थे। इनका अंतिम संस्कार बुधवार को सुबह 10 बजे स्थानीय गेज नदी स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे पत्रकार ज्ञानेन्द्र शुक्ला के पिता थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जनप्रतिनिधि जीरामजी ...

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने कहा कि आगामी समय में जिले में विकसित भारत- जीरामजी योजना लागू की जाएगी, जिसकी वार्षिक कार्ययोजना तैयार की जा रही है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ग्रामीणों को जागरूक कर योजना में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को चिन्हित करें, जिससे कोरिया जिले के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त हो सके। बैठक में जिला पंचायत सभापति राजेश साहू, श्रीमती गीता राजवाड़े, श्रीमती संगीता सोनवानी, श्रीमती सुषमा कोराम, श्रीमती शिवकुमारी, श्रीमती स्नेहलता उदय, जनपद पंचायत बैकुंठपुर अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह एवं जनपद पंचायत सोनहत अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी सोनपाकर ने भी अपने-अपने विषय रखे, जिन पर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### प्रभारी मंत्री ने किया मंच व सामुदायिक भवन के लिए 40 लाख की घोषणा

# आल्हामाड़ा तीर्थ स्थल को मिलेगी नई पहचान

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



उपस्थित प्रभारी मंत्री व अन्य

छग की महान, गौरवशाली एवं प्राचीन लोकसंस्कृति को संजोए रखने वाला लोकपर्व छेरता तिहार इस वर्ष आल्हामाड़ा धाम, ग्राम पंचायत बंजी में अपार श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक उल्लास के साथ ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। यह आयोजन न केवल छत्तीसगढ़ी लोकपरंपराओं की जीवंत झलक प्रस्तुत करता रहा, बल्कि सामाजिक एकता, जनविश्वास, सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक सहभागिता का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा।

तीन दिवसीय इस महापर्व का आयोजन 3 से 5 जनवरी तक बंजी ग्राम पंचायत स्थित ऐतिहासिक एवं आस्था के केन्द्र आल्हामाड़ा धाम में किया गया। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। दूर-दराज के गांवों से श्रद्धालु, जनजातीय समाज के लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी वर्ग, जनप्रतिनिधि और सांस्कृतिक प्रेमी काफी संख्या में उपस्थित होकर छेरता पर्व की गरिमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते नजर आए। छेरता तिहार के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति से ओत-प्रोत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां हुइं। सुवा नृत्य, सैला, कर्मा, लोकड़ी जैसे पारंपरिक लोकनृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया, वहीं कबड्डी प्रतियोगिता जैसे खेल आयोजनों ने युवाओं में विशेष उत्साह भर दिया। पूरे परिसर में पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीतों और ढोल-मांदर की गूंज ने छग की सांस्कृतिक आत्मा को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ छग महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इस गरिमामय अवसर पर प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, जिला अध्यक्ष चंपादेवी पावले, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामजीत लकड़ा, श्रीमती अनीता सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और समाजसेवी मंचासीन रहे। सभी ने लोकसंस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का सामूहिक संदेश दिया। इस अवसर पर डीएम ने हसदेव क्षेत्र की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि आल्हामाड़ा की पावन धरती पर छेरछेरा पर्व का यह भव्य आयोजन अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि छेरछेरा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि गांवों की मूल और जीवंत संस्कृति की पहचान है, जिसे हम पीढ़ी दर पीढ़ी सहेजते आ रहे हैं। उन्होंने बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर दिए गए संदेश की सराहना करते हुए कहा कि यह हमारी आने वाली पीढ़ी की जागरूकता का प्रतीक है। उन्होंने संस्कृति और प्रकृति को एक-दूसरे का पूरक बताते हुए आयोजन समिति की सराहना की और 11 हजार रूपए के सहयोग की घोषणा की। वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आल्हामाड़ा और जोगी डोंगरी की जयघोष के साथ अपने संबोधन में कहा कि छेरता पर्व और इससे जुड़ा मेला इस क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि यह स्थान न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था का केन्द्र है, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण ऐसा स्थल है, जहां दूर-दूर से लोग आते हैं। उन्होंने जिले में स्वीकृत और निमार्णाधीन सड़कों, किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, तेंदूपत्ता संग्रहण, महतारी वंदन योजना और श्रमिक परिवारों के कल्याणकारी कार्यों की जानकारी देते हुए सरकार की जनकल्याणकारी सोच को रेखांकित किया। उन्होंने आल्हामाड़ा में मंच एवं सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 40 लाख रूपए की घोषणा की।

इस अवसर पर महाप्रबंधक हसदेव क्षेत्रमनोज विश्नोई, चंद्रकांत पटेल, शरण सिंह मरपच्ची, श्रीमती सीता देवी, सुरेन्द्र सिंह, देव कुमार, रमेश सिंह, दलप्रताप सिंह, हीरा सिंह, लखनलाल श्रीवास्तव, रामलखन पैकरा, ममता सिंह, उजित नारायण सिंह, सभी जनप्रतिनिधि, जनपद सीईओ सुश्री वैशाली सिंह, तहसीलदार सुश्री श्रुति धुर्वे, अधिकारी-कर्मचारी सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जलकुंभी से पटा तालाब...



**बैकुण्ठपुर।** देखने में खेल मैदान की तरह दिख रहा दृश्य खेल मदान नहीं बल्कि खरवत चौक के पास स्थित प्राचीन तालाब है, जो जलकुंभी से पूरी तरह से पट गया है। इसी तालाब को कुछ वर्ष पूर्व मनरेगा के तहत गहरीकरण का कार्य कराया था।

### बस स्टैंड सहित चौक-चौराहों पर जलाए जा रहे अलाव

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण व शहरी इलाके इन दिनों भीषण शीतलहर की चपेट में हैं,सुबह से लेकर देर रात तक हड्डियां कंपा देने वाली ठंड ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है, कड़कड़ाती ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पंचायत द्वारा मानवीय पहल करते हुए बस स्टैंड, मुख्य चौक चौराहों तथा तथा भटगांव मार्ग पर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के समीप अलाव की व्यवस्था की गई है,जिससे राहगीरों, मजदूरों और जरूरतमंदों को ठिठुरन से कुछ सुकून मिल सके,सोमवार को सुबह से दोपहर तक पूरा क्षेत्र घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा। दृश्यता इतनी कम रही कि सड़कों पर वाहन चालकों को बेहद सावधानी से चलना पड़ा।

# एसआईआर प्रक्रिया को लेकर वनांचल से पहुंचे लोग

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



केन्द्र सरकार एवं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छग राज्य में प्रारंभ की गई विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया को लेकर कोरिया जिले के नगर पालिका शिवपुर-चरचा क्षेत्र सहित आसपास के शहरी एवं ग्रामीण अंचल में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन तथा दावा-आपत्ति की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को स्थानीय नागरिक लोकतंत्र को मजबूत करने का सशक्त माध्यम मानते हुए बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रहे हैं। एसआईआर प्रक्रिया के प्रथम चरण के पश्चात वर्ष 2003 की मूल मतदाता सूची में जिन नागरिकों के नाम दर्ज नहीं थे, उनके नाम जोड़ने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य दस्तावेजों के आधार पर नाम पंजीयन एवं दावा-आपत्ति की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नगर पालिका शिवपुर-चरचा कार्यालय में 14 जनवरी तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 6 जनवरी को आयोजित दूसरे विशेष शिविर में ग्राम पंचायत बिशुनपुर, जूनापारा एवं सरडी क्षेत्र क्रमांक 1 से 3 तक के कुल 117 नागरिकों को नाम जोड़ने एवं दस्तावेज सत्यापन के लिए नोटिस जारी किए गए थे। इनमें से 64 नागरिक स्वयं उपस्थित होकर अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचे, जबकि 53 नागरिक अनुपस्थित रहे। विवरण अनुसार ग्राम पंचायत बिशुनपुर में 32 नोटिस जारी किए गए थे, जिसमें 21 नागरिक उपस्थित हुए और 11 अनुपस्थित रहे। जूनापारा में 13 नोटिस के विरूद्ध 11 नागरिक पहुंचे, जबकि 2 अनुपस्थित रहे। वहीं ग्राम पंचायत सरडी 1 में 11 नोटिस जारी किए गए, इनमें से 10 नागरिक उपस्थित हुए। सरडी 2 में 61 नोटिस भेजे गए थे, इसमें 22 नागरिकों ने फार्म जमा किया।

इस प्रकार सरडी 1 व 2 को मिलाकर कुल 40 नागरिक शिविर में उपस्थित नहीं हो सके। शिविर के दौरान संबंधित सभी मतदान केन्द्रों के बीएलओ बूथ लेवल अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने नागरिकों को प्रपत्र भरने, आवश्यक दस्तावेज तैयार करने, त्रुटि सुधार तथा अन्य आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। नागरिकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा के समक्ष गहन जांच की जा रही है, इसके पश्चात ऑनलाइन प्रविष्टि की कार्रवाई संपन्न की जा रही है। नगर पालिका शिवपुर-चरचा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जो सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी भी हैं, इनके मार्गदर्शन में कुल 1002 नागरिकों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जाना है। इनमें से 441 नागरिक नगर पालिका शिवपुर-चरचा के 15 वार्डों से संबंधित हैं, जबकि शेष नागरिक खरवत, शिवपुर, फूलपुर, रटगा, चेरवापारा सहित आसपास के ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों से हैं।

# सरभोका में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल



एमसीबी जिले के ग्राम सरभोका स्थित केबी पटेल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में छग शासन के कृषि विकास मंत्री राम विचार नेताम मुख्य अतिथि और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह कार्यक्रम नर्सिंग एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध हुआ, जहां ज्ञान, संस्कृति और अनुशासन का प्रभावशाली संगम देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि विमोचित पुस्तक विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग जैसे सेवा-प्रधान क्षेत्र में ज्ञान के साथ-साथ संवेदना, अनुशासन और समर्पण का विशेष महत्व है। ऐसी शैक्षणिक पुस्तकें विद्यार्थियों को न केवल पाठ्यक्रम में, बल्कि व्यवहारिक जीवन में भी मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर अध्ययन, कर्तव्यनिष्ठा और मानव सेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर सकारात्मक पहल कर रही है। नर्सिंग शिक्षा को सशक्त बनाकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए कॉलेज प्रबंधन को बधाई दी। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, चिरमिरी नगर निगम के महापौर राम नरेशराय, केबी पटेल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के चेयरमैन चंद्रकांत पटेल एवं डायरेक्टर श्री बारीक विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने पुस्तक विमोचन के साथ-साथ कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं शैक्षणिक वातावरण की सराहना की। कार्यक्रम को यादगार बनाने में कॉलेज की छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य एवं रंगारंग कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया। प्रस्तुतियों में छग की समृद्ध लोक-संस्कृति की स्पष्ट झलक देखने को मिली, जिसे सभी ने सराहा। अंत में कॉलेज प्रबंधन द्वारा अतिथियों का स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।



# एकलव्य विद्यालय के छात्र ने हिंदी का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज. सोनहत

हिंदी ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतरराष्टीय हिंदी ओलिंपियाड 2025 एवं अमृत कुंभ सम्मान 2025 का उद्देश्य राजभाषा हिंदी केउत्थान के साथ-साथ हिंदी भाषा को अंतरराष्टीय स्तर पर बढ़ावा देना रहा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 30 से अधिक देशों के 8000 से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस अंतरराष्टीय मंच पर एकलव्य विद्यालय के छात्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हिंदी भाषा की समझ, लेखन और अभिव्यक्ति में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, जिससे विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ। छात्र की इस उपलब्धि से शिक्षकों, अभिभावकों एवं सहपाठियों में हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन ने छात्र की सफलता को अनुशासन, निरंतर अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया तथा भविष्य में भी विद्यार्थियों को भाषा एवं साहित्य के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने की बात कही।

# आईसेक्ट कॉलेज में शैक्षणिक सत्र का कैलेंडर विमोचित



विमोचन में उपस्थित अतिथि

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

शहर के संजय नगर तलवारपारा स्थित आईसेक्ट कॉलेज बैकुंठपुर में मंगलवार को शैक्षणिक सत्र 2026 के कैलेंडर का विधिवत विमोचन किया गया। कार्यक्रम में चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल एवं अधिवक्ता अजय सिंह, डिप्टी चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल केबी नामदेव, आरएसएस के नागेश, श्री गौतम तथा जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया के सचिव योगेश चंद्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अधिवक्ता अजय सिंह ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक है। आईसेक्ट कॉलेज द्वारा इस प्रकार का शैक्षणिक कैलेंडर जारी करना विद्यार्थियों को अनुशासनबद्ध एवं लक्ष्य के प्रति सजग बनाने की दिशा में सराहनीय पहल है। कैलेंडर में संस्थान की वर्षभर की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों का सचित्र विवरण शामिल है। संस्थान प्रमुख नरेश सोनी ने कहा कि आईसेक्ट कॉलेज का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त, कौशल संपन्न और आत्मनिर्भर बनाना है। शैक्षणिक कैलेंडर विद्यार्थियों के लिए वर्षभर की गतिविधियों का मार्गदर्शक होता है, जिससे वे पढ़ाई के साथ-साथ अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी भाग ले सकें। उन्होंने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। विमोचन कार्यक्रम में कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक कमल द्विवेदी, प्रवीण तिवारी, प्रदीप साहू, आशीष नामदेव, मनीषा सोनी, अमीषा सोनी, समीक्षा गुप्ता, रूपाली सोनी, देवलाल यादव, रागिनी सोनी, नारायण मुदुली सहित अन्य स्टाफ व विद्यार्थी काफी संख्या में मौजूद रहे।

# योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा को मिली नई पहचान



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले केनागरिकों को योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। मनेन्द्रगढ़ में 10 शैय्या युक्त योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस केन्द्र के प्रावधिक संचालन के लिए 5 जनवरी को कलेक्टर सभा कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान आयुष विभाग एवं एसईसीएल के मध्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, मंत्री आदिम जाति कल्याण, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मछली पालन एवं पशुधन विकास विभाग तथा श्याम बिहारी जायसवाल मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी एमसीबी एवं सीएमओ सेंट्रल हॉस्पिटल आमाखेरवा मनेन्द्रगढ़ द्वारा एमओयू पर विधिवत हस्ताक्षर किए गए। वर्तमान समय की बदलती जीवनशैली में तनाव, असंतुलित दिनचर्या एवं शारीरिक निष्क्रियता के कारण विभिन्न रोग तेजी से बढ़ रहे हैं।



